(f) and (g) Yes Sir. steps have been taken to improve the availability of man-made fibres to enable mills to take up blending with cotton.

विद्युत करघा क्षेत्र में रोजगार और पूंजी निवेश

2767. **श्री राम जेठमलानी :**
डा० जितेन्द्र कुमार जैन :

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में कार्य कर रहे लगभग 12 लाख विद्युत करघों पर लगभग 60 लाख श्रमिक कार्यरत हैं और देश के कुल वस्त्र उत्पादन का 72 प्रतिशत भाग उनके द्वारा उत्पादित होता है।

(ख) यदि नहीं तो, इस संबंध में ब्यौरा क्या है ;

(ग) वस्त्र उद्योग मे निवेशित कुल पूंजी का कितना प्रतिशत विद्युत करघा क्षेत्र में लगा हुआ है तथा मार्च, 1993 में निवेशित पूंजी की मात्रा कितनी थी ;

(घ) क्या यह भी सच है कि सरकार द्वारा इस क्षेत्र में कार्य करने वाले श्रमिकों के लिए एक बीमा योजना आरंभ की गई थी ;

(ङ) यदि हा, तो इस योजना के अंतर्गत दिसम्बर, 1993 तक कितने प्रतिशत श्रमिक लाभान्वित हुए हैं ,

(च) विद्युत करघा उद्योग के विस्तार और विकास के लिए देश में विद्युत सेवा केन्द्र स्थापित करने की सरकार की क्या योजनाएं हैं ; और

(छ) देश में दिसम्बर, 1993 तक ऐसे कुल कितने केन्द्र स्थापित किए गए थे और प्रत्येक केन्द्र की स्थापना और संचालन के लिए कितना-कितना धन व्यय किया जा रहा है और प्रत्येक केन्द्र द्वारा औसतन कितनी विद्युत करघा इकाइयों को लाभान्वित किया जा रहा है ?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जी० वेंकट स्वामी) : (क) जी, हां ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) विद्युत करघा पूर्णत: विकेन्द्रीकृत क्षेत्र में है और क्षेत्र में सरकार का कोई भी पूंजी निवेश नहीं है।

(घ) जी, हां ।

(ङ) दिसम्बर, 1993 तक इस योजना के अन्तर्गत 46241 कामगारों का बीमा किया गया है ।

(च) सरकार का प्रतिवर्ष 4 नये विद्युतकरघा सेवा केन्द्र खोलने का प्रस्ताव है ।

(छ) दिसम्बर, 1993 तक देश में कुल विद्युत करघा सेवा केन्द्रों की संख्या 34 थी । प्रत्येक विद्युत करघा सेवा केन्द्र को प्रतिवर्ष 3 लाख रु० प्रारम्भिक पूंजी व्यय तथा 4.5 लाख रु० का आवर्ती अनुदान का आवंटन किया जाता है । विद्युत करघा सेवा केन्द्रों की सेवायें उस क्षेत्र में अवस्थित विद्युत करघों को उनकी आवश्यकतानुसार उपलब्ध होती है ।

उत्तर प्रदेश में जनता कपड़े का उत्पादन

2768. **चौधरी हरमोहन सिंह :** क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में जनता कपड़े के उत्पादन के लिए वर्ष 1991-92 के दौरान वर्ष 1989-90 और 1990-91 की तुलना में उत्पादन लक्ष्य कम रखा गया है ;

(ख) यदि हां, तो उत्पादन का लक्ष्य कम निर्धारित करने के क्या कारण हैं; और

(ग) क्या यह भी सच है कि गत वर्ष अर्थात् 1991-92 के दौरान उत्पादन